कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री रामचरण मीणा पुत्र रघुनाथ मीणा निवासी ग्राम बागपुरा, तहसील नांगल राजावतान, जिला दौसा राजस्थान।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा।

अपील सं0 05/2021

<u>निर्णय</u> दिनांक : 22.02.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा जिला दौसा को सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त होने पर प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल अपूर्ण व अधूरी प्राप्त हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2021/182–183 दिनांक 25.01.2021 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

अपीलांट दिनांक 09.02.2021 को स्वयं उपस्थित हुआ। अपीलांट को सुना गया। अपीलांट द्वारा मांगी गई सूचना मे प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर मौका पर्चा एवं नोटिस की प्रति दिलवाने का निवेदन किया। अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 09.02.2021 व संलग्नक की प्रति पत्रांक डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2021/326–27 दिनांक 11.02.2021 लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर, दौसा जिला दौसा व लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, नांगल राजावतान को प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, नांगल राजावतान से प्राप्त प्रतिलिपि पत्रांकः आरटीआई/2021/210–211 दिनांक 16.02.2021 द्वारा अवगत करवाया की अपीलांट को मौका पर्चा की छायाप्रति पत्रांक 209 दिनांक 16.02.2021 द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही है एवं अतिक्रमी को प्रेषित नोटिस कार्यालय मे उपलब्ध नहीं होने से उपलब्ध करवाया जाना संभव नही होना बताया गया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को उपलब्ध सूचना/वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा